PRESS CLIP

grey matter pr

Publication:- Sanmarg

Date: - 2nd December 2017

Page No: - 13

Interactive Session with Mr. Thomas Vajda, Acting Deputy, Assistant Secretary for South Asian Affairs, Department of State, Washington DC, on the topic "Regional Connectivity and Trade" on 1st December 2017 at The Bengal Chamer

'पूर्वी भारत में निवेश की संभावना तलाश रहा है अमेरिका'

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता: अमेरिका भारत के आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा निर्यात और समर्थन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका भारत के पूर्वी क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं तलाश रहा है। यह बात शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी राज्य विभाग के दक्षिण एशियाई मामलों के सहायक सचिव थॉमस वाजदा ने बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कही। उनके मुताबिक भारत और अमेरिका दोनों सरकारों ने भारत में छह परमाणु रिएक्टरों का निर्माण करने के लिए वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के बीच अनुबंध पूरा करने के लिए सहायक कदम उठाए हैं। कार्यक्रम के दौरान चैंबर के पूर्व अध्यक्ष अंबरिश दासगुप्ता, महानिदेशक सुभाषदीप घोष भी मौजूद थे।

एच -1 बी वीजा प्रणाली में कोई बदलाव नहीं

वाजदा के मुताबिकएच -1 बी वीजा शासन के संबंध में कानून में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और प्रणाली पहले की तरह जारी रखी गई है। अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच -1 बी वीजा सिस्टम की समीक्षा के लिए कहा, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। अमेरिका 600 से अधिक रोहिंग्याओं की सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के माध्यम से बांग्लादेश सरकार को अगस्त से मानवतावादी उद्देश्यों से वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
i n d i a

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com